## मुख्यमंत्री बोले, जीएसटी दरों में कमी देशवासियों के लिए प्रधानमंत्री का दीवाली उपहार

# ओडीओपी उत्पाद सस्ते होंगे: योगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी दरों में कमी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देशवासियों के लिए बड़ा दीवाली गिफ्ट करार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे जहां ओडीओपी उत्पाद सस्ते होंगे। वहीं उपभोक्ताओं, किसानों, कारोबारियों व आम परिवारों तक सभी को राहत देने वाले इन सुधारों का लाभ 22 सितंबर से, यानी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया।

**बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे:** मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने आवास पर 22 सितंबर से लागू हो रही नई जीएसटी दरों को लेकर मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने कहा, प्रदेश के परंपरागत उद्योगों और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना (ओडीओपी) के तहत हस्तशिल्पियों व कारीगरों को प्रोत्साहन मिला है। अब उनके उत्पादों पर केवल 5% जीएसटी लगेगा, जिससे बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, बरेली का जरदोजी, जालौन का कागज व फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग जैसे क्षेत्र फलेंगे-फूलेंगे। इससे न केवल उत्पादन व मांग बढ़ेगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे। प्रधानमंत्री का यह निर्णय देशवासियों को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला है। यह हर नागरिक के जीवन को सरल बनाने वाला दीवाली का उपहार है।

**घोषणा के 20 दिनों के अंदर आए परिणाम :** योगी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने जिस टैक्स रिफॉर्म की घोषणा की थी, उसके परिणाम महज 20 दिनों में सामने आ गए। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में तीन सितंबर को लिए गए फैसले अब लागू हो रहे हैं। यह सिर्फ टैक्स सुधार नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला अभियान है।

➤ सबसे बड़ा रिफॉर्म P02

### 22 सितंबर से लागू होंगी नई दरें



**03** सितंबर को जीएसटी सुधारों का फैसला लिया था केंद्र ने

**05** फीसदी जीएसटी अब लगेगा प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों पर

लखनऊ में गुरुवार को अपने आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया से बातचीत की। • हिन्दुस्तान

### दावा : उत्तर प्रदेश को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के नाते उत्तर प्रदेश को जीएसटी सुधारों का सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले यूपी में वैट और सेल टैक्स से केवल 49,000 करोड़ रुपये का राजस्व आता था। 2017 के बाद यह बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये हो गया। केंद्र से जो शेयर मिलता है वो अलग। यही नहीं, प्रदेश में एक्सप्रेसवे, मेट्रो और एयरपोर्ट नेटवर्क का विस्तार भी टैक्स सुधार से संभव हुआ।

### घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बड़ी राहत

#### गृहस्थ परिवार को लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य गृहस्थ परिवार को अब घरेलू खर्चों में सीधी राहत मिलेगी। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर केवल 5% या 0% टैक्स लगेगा। इससे खर्च कम होंगे व उपभोक्ता की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी। ज्यादा खरीद से खपत बढ़ेगी। बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में तेजी आएगी।

#### ग्रामीण भारत को मजबूती

योगी ने कहा, यह सुधार किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है। ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक व सिंचाई उपकरणों पर टैक्स घटाकर 5% करने से खेती की लागत घटेगी व उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। यह न केवल किसानों को राहत देगा बल्कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा।

### असर : मारुति सुजुकी ने 1.29 लाख तक घटाए वाहनों के दाम

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया ने गुरुवार को कहा कि वह अपने वाहनों की कीमतों में 22 सितंबर से 1.29 लाख रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने 8.5% के जीएसटी लाभ के अलावा छोटी कारों की कीमतों में भी कटौती की है।

कंपनी ने बताया कि शुरुआती स्तर के मॉडल एस प्रेसो की कीमतों में 1,29,600 रुपये तक, ऑल्टो के10 की कीमतों में 1,07,600 रुपये तक, सेलेरियो की कीमतों में 94,100 रुपये तक, वैगन-आर की कीमतों में 79,600 तक और इग्निस की कीमतों में 71,300 रुपये तक की कमी आएगी। कंपनी की प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत 84,600 रुपये तक कम हो जाएगी। इसी तरह बलेनो की कीमत 86,100, टूर एस की कीमत 67,200 रुपये तक कम हो गई है।